# जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन परियोजनाओं के प्रगति की समीक्षा बैठक दिनांक 20.12.2021 का कार्यवृत्त

जल जीवन मिशन (हर घर नल से जल) के अन्तर्गत निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसका कार्यवृत्त निर्गत किया जा रहा है।

समीक्षा बैठक में निम्नलिखित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे–

1. श्री मनोज कुमार, जिलाधिकारी, महोबा।
2. श्री जुबैर बेग, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे), महोबा।
3. श्री संदेश सिंह तोमर, अधिशाषी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा।
4. श्री अरविन्द कुमार अवस्थी, सहायक अभियंता (जल निगम), महोबा।
5. श्री अनुप कुमार डे, सुपरविजन इंजीनियर (पी०एम०सी०), महोबा।
6. श्री इमाद उद्दीन, सपोर्ट इंजीनियर (पी०एम०सी०), महोबा।
7. श्री अमरजीत चौरसिया, सपोर्ट इंजीनियर (पी०एम०सी०), महोबा।
8. श्री सतीश, डिप्टी टीम लीडर (टी०पी०आई०), महोबा।
9. श्री मल्लिकार्जुन रेड्डी, प्रोजेक्ट मैनेजर (एल० एण्ड टी०), महोबा।
10. श्री सुनील कुमार पाण्डेय, प्रोजेक्ट मैनेजर (एस०सी०एल०–एस०एम०सी०, जे०वी०), महोबा।
11. श्री चक्रवर्ती शम्मुगम, डिप्टी जनरल मैनेजर(जे०एम०सी०–जे०डब्ल्यू०आई०एल०,जे०वी०), महोबा।
12. श्री रघुवंश शर्मा, प्रोजेक्ट मैनेजर (मै० एन०के० गुप्ता– के०वी० गुप्ता, जे०वी०), महोबा।

## शिवहर ग्राम समूह पाईप पेयजल योजना

शिवहर ग्राम समूह पाईप पेयजल योजना के माध्यम से 53 ग्राम पंचायत के 69 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है। अधिशाषी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) महोबा द्वारा अवगत कराया गया कि योजना का विस्तृत प्राकलन एस०डब्ल्यू०एस०एम० लखनऊ स्तर पर आमंत्रित निविदा प्रकिया उपरान्त चयनित संस्था बीएलजी, जोधपुर द्वारा स्तरीय सर्वेक्षण उपरान्त वर्ष 2020 में किया गया तथा निविदा प्रकिया पूर्ण होने के उपरान्त 18.06.2020 को अनुबन्ध गठन हुआ तथा परियोजना में प्रस्तावित विभिन्न निर्माण कार्यों की डिजाइन एवं ड्राइंग एल0 एण्ड टी0 द्वारा अपनी डिजाइन टीम के माध्यम से कराया गया तथा समस्त ड्रांइग परीक्षण हेतु पी0एम0सी0 कार्यालय लखनऊ को प्रेषित किया गया। पी0एम0सी0 कार्यालय लखनऊ की संस्तुति उपरांत सम्बन्धित डिजाइन एवं ड्राइग का विस्तृत परीक्षण आई0आई0टी0 मद्रास से कराने के उपरांत एसडब्लूएसएम लखनऊ से अनुमोदन प्राप्त किया गया। शिवहर ग्राम समूह परियोजना के अन्तर्गत कुल 01 नग इन्टेकवेल, 01 नग डब्ल्यू०टी०पी०, 06 नग सी०डब्ल्यू०आर०, 18 नग ओ०एच०टी०, रॉ–वॉटर राईजिंग मेन 7.3 कि०मी०, क्लियर वॉटर राईजिंग मेन 192.0 कि०मी० एवं वितरण प्रणाली (डिस्ट्रीब्यूशन मेन) 473.341 कि०मी० पाइप बिछाने का कार्य किया जाना है।

उपरोक्त परियोजना की घटकवार प्रगति – पी०एम०सी० एवं टी०पी०आई० के प्रोजेक्ट मैनेजर के द्वारा परियोजना के घटको की प्रगति निम्नलिखित रूप से बताया गया।

इन्टेकवेल– इस योजना के तहत चन्दावल डैम पर 24 एमएलडी का इन्टेकवेल का निर्माण प्रस्तावित है। अभी तक कुल 30.25 मी० मे से 12.0 मी० इन्टेकवेल की दीवार की कास्टिंग पूर्ण हो चुकी है, जिसमे से 10.0 मी० शीथिंग भी पूर्ण हो चुकी है। जिसकी निर्माण कार्य की प्रगति धीमी है।

डब्लू०टी०पी०–

1. कैशकेड ऐरिएटर के अन्तर्गत कुल 7.70 मी० मे से सिर्फ 6.70 मी० ही निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है।
2. फ्लैश मिक्सर के अन्तर्गत कुल 6.45 मी० मे से सिर्फ 3.6 मी० ही निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है, पिछले 30 दिन से इस कम्पोनेन्ट मे कोई भी कार्य प्रगति नही हुई है।
3. सी०एल०एफ०–01 एवं 02 मे अभी तक कुल 6.60 मी० मे से सिर्फ 1.8 मी० ही बाहरी दीवारो की कास्टिंग का कार्य पूर्ण किया गया है अभी तक राफ्ट की कास्टिंग भी नही पूर्ण की गई है, इस कम्पोनेन्ट मे भी निर्माण कार्य की प्रगति बहुत धीमी है।
4. फिल्टर हाउस के अन्तर्गत कुल 05 मी० मे से सिर्फ 1.8 मी० ही निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है, क्लियर वॉटर चैनल की ऊपरी छत का कार्य पूर्ण हो चुका है। स्टेयरकेश के बैकवॉस एरिया की स्टेयरकेश कास्टिंग पूर्ण, प्लिंथ बीम के ऊपर कॉलम की कास्टिंग पूर्ण की जा चुकी है।
5. केमिकल हाउस के अन्तर्गत पिलिंथ बीम के पीसीसी के लिए कम्पैक्शन एवं लेवलिंग का कार्य प्रगति पर है।
6. क्लोरीन बिल्डिंग में एक्सवेशन का कार्य प्रगति पर है। इस कम्पोनेण्ट में निर्माण कार्य की प्रगति बहुत धीमी है।
7. एम०सी०डब्ल्यू०आर० के अन्तर्गत कुल 3.6/5.2 मी0 राफ्ट की कास्टिंक का कार्य पूर्ण हुआ है।
8. पम्प हाउस के अन्तर्गत कुल 0/3 मी0 सिर्फ एक्सवेशन का कार्य 30 प्रतिशत ही पूर्ण किया गया है, निर्माण कार्य की प्रगति काफी धीमी है।

प्रोजेक्ट मैनेजर को जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि लेबर की संख्या बढ़ायें एवं डब्लूटीपी के समस्त अवयवों पर एक साथ कार्य कराना सुनिश्चित करें।

**सी०डब्लू०आर०:**–कुल 06 सी०डब्लू०आर० में से 04 सी०डब्लू०आर० में आरसीसी निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है एवं 02 सी०डब्लू०आर० में निर्माण का कार्य प्रगति पर है। कुल 75 प्रतिशत निर्माण का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। प्रोजेक्ट मैनेजर को जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी सीडब्लूआर पर एक साथ कार्य कराना सुनिश्चित करें।

**ओवर हैड टैण्क:**–कुल 18 ओ०एच०टी० में से 18 ओ०एच०टी० में निर्माण कार्य कराया जा रहा है, एवं कुल 75 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि शेष कार्यों पर मैनपावर और मशीनरी लगाते हुए स्वीकृत ड्राइंग एवं डिजाइन तथा गुणवत्ता व मानकों का पालन कराते हुए कार्य कराना सुनिश्चित करें।

**रॉ–वाटर राईजिंगमेन:**–रॉ–वाटर राईजिंगमेन के अन्तर्गत कुल 7.3 कि०मी० पाईप बिछाई जाने का लक्ष्य है जिसमें से कुल 6.23 कि०मी० की पाईप की सप्लाई प्राप्त की जा चुकी है एवं 1.166 कि०मी० पाईप बिछाई जाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। निर्माण कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि शेष राइजिंग में डीआई पाइप की आपूर्ति कर ली जाए तथा गैंग व मैनपावर

ी संख्या बढ़ाते हुए स्वीकृत ड्राइंग एवं डिजाइन तथा गुणवत्ता व मानकों का पालन कराते हुए कार्य कराना सुनिश्चित करें।

**क्लियर वाटर राईजिंगमेन:–** क्लियर वाटर राईजिंगमेन के अन्तर्गत कुल 192.0 कि०मी० पाईप बिछाई जाने का लक्ष्य है जिसमें से कुल 144.644 कि०मी० की पाईप की सप्लाई प्राप्त की जा चुकी है एवं 84.97 कि०मी० पाईप बिछाई बिछाई जाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष क्लियर वाटर राइजिंगमेन मे डीआई पाइप की आपूर्ति कर ली जाए तथा गैंग व मैनपावर की संख्या बढ़ाते हुए स्वीकृत ड्राइंग एवं डिजाइन तथा गुणवत्ता व मानकों का पालन कराते हुए कार्य कराना सुनिश्चित करें।

**वितरण प्रणाली:–** वितरण प्रणाली के अन्तर्गत कुल 473.341 कि०मी० पाईप बिछाई जाने का लक्ष्य है जिसमें से कुल 389.438 कि०मी० की पाईप की सप्लाई प्राप्त की जा चुकी है एवं 120.75 कि०मी० पाईप बिछाई जाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष वितरण प्रणाली डिस्ट्रीब्यूशन में पाइप की आपूर्ति कर ली जाए तथा गैंग व मैनपावर की संख्या बढ़ाते हुए स्वीकृत ड्राइंग एवं डिजाइन तथा गुणवत्ता व मानकों का पालन कराते हुए कार्य कराना सुनिश्चित करें।

## धवर्रा सिजवाहा ग्राम समूह पाईप पेयजल योजना

धवर्रा सिजवाहा ग्राम समूह पाईप पेयजल योजना के माध्यम से 68 ग्राम पंचायत के 102 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है। अधिशाषी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) महोबा द्वारा अवगत कराया गया कि योजना का विस्तृत प्राकलन एस०डब्ल्यू०एस०एम० लखनऊ स्तर पर आमंत्रित निविदा प्रकिया उपरान्त बीएलजी, जोधपुर के द्वारा स्तरीय सर्वेक्षण उपरान्त वर्ष 2020 में किया गया तथा निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त 26.09.2020 को अनुबन्ध गठन हुआ तथा परियोजना में प्रस्तावित विभिन्न निर्माण कार्यों की डिजाइन एवं ड्राईंग एस0सी0एल0–एस0एम0सी0 द्वारा अपनी डिजाइन टीम के माध्यम से कराया गया तथा समस्त ड्राइंग परीक्षण हेतु पीएमसी कार्यालय लखनऊ को प्रेषित किया गया पीएमसी कार्यालय लखनऊ की संस्तुति उपरांत सम्बन्धित डिजाइन एवं ड्राइंग का विस्तृत परीक्षण आईआईटी हैदराबाद से कराने के उपरांत एसडब्लएसएम लखनऊ से अनुमोदन प्राप्त किया गया। धवर्रा सिजवाहा ग्राम समूह परियोजना के अन्तर्गत कुल 01 नग इन्टेकवेल, 01 नग डब्ल्यू०टी०पी०, 9 नग सी०डब्ल्यू०आर०, 29 नग ओ०एच०टी०, रॉ–वॉटर राईजिंग मेन 1.8 कि०मी०, क्लियर वॉटर राईजिंग मेन 216.7 कि०मी० एवं वितरण प्रणाली डिस्ट्रीब्यूशन मेन) 485.6 कि०मी० पाइप बिछाने का कार्य किया जाना है।

**उपरोक्त परियोजना की घटकवार प्रगति – पी०एम०सी० एवं टी०पी०आई० के प्रोजेक्ट मैनेजर के द्वारा परियोजना के घटकों की प्रगति निम्नलिखित रूप से बताया गया।**

**इन्टेकवेल:–** इस योजना के तहत उर्मिल डैम पर 24 एमएलडी इन्टेकवेल का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। अभी तककुल 21.44 मी० में से 12.2 मी० इण्टेकवेल की दीवार की कास्टिंग पूर्ण हो चुकी है, जिसमें से 6.0 मी० सिंकिंग भी हो चुकी है। जिसकी निर्माण कार्य प्रगति पर है।

**डब्लू०टी०पी०:–**

1. कैशकेड ऐरिएटर के अन्तर्गत कुल 8.33 मी० में से सिर्फ 2.0 मी० ही निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है। टाई बीम के निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है।
2. फ्लैश मिक्चर के अन्तर्गत सिर्फ 6.95/2 मी० तक टाई बीम का निर्माण पूर्ण किया गया है। निर्माण कार्य प्रगति पर है।

3. [illegible] के अन्तर्गत कुल [illegible] मी० ही निर्माण कार्य पूर्ण किया गया। बाहरी दीवारों में सरिया बांधने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। प्रथम लिफ्ट के शैल्फकास्टिंग का निर्माण कार्य प्रगति पर है एवं रैम्प की कास्टिंग का कार्य पूर्ण किया जा चुका है।
4. फिल्टर हाउस के अन्तर्गत कुल 11.25 मी० में से सिर्फ 0.75 मी० ही निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है एवं रैम्प की कास्टिंग का कार्य पूर्ण किया जा चुका है।
5. केमिकल हाउस के अन्तर्गत कुल 10.05 मी० में से सिर्फ 4.7 मी० ही निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है एवं लिन्टर बीम के कास्टिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है।
6. क्लोरीन बिल्डिंग के अन्तर्गत कुल 6.725 मी० में से सिर्फ 6.2 मी० ही निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है एवं छत के बीम का सरिया बांधने का कार्य प्रगति पर है।
7. एम०सी०डब्ल्यू०आर० के अन्तर्गत कुल 4.975 मी० में से सिर्फ 4.6 मी० ही निर्माण का कार्य पूर्ण किया गया है एवं 2.4 मी० कंटेनर दीवार तक सभी कॉलम के निर्माण का कार्य पूर्ण किया गया है।
8. पम्प हाउस का निर्माण कार्य अभी प्रारम्भ नहीं हुआ है।
प्रोजेक्ट मैनेजर को जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि डब्लूटीपी के समस्त अवयवों पर एक साथ कार्य कराना सुनिश्चित करें।

**सी०डब्लू०आर०:**—कुल 09 सी०डब्लू०आर० में से 09 सी०डब्लू०आर० में निर्माण का कार्य प्रगति पर है इस कम्पोनेन्ट में भी निर्माण कार्य की प्रगति बहुत धीमी है। कुल 35 प्रतिशत निर्माण का कार्य पूरा किया जा चुका है। प्रोजेक्ट मैनेजर को जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि शेष कार्यों पर मैनपावर और मशीनरी लगाते हुए स्वीकृत ड्राइंग एवं डिजाइन तथा गुणवत्ता व मानकों का पालन कराते हुए कार्य कराना सुनिश्चित करें।

**ओवर हैड टैण्क:**—कुल 29 ओ०एच०टी० में से 29 ओ०एच०टी० में निर्माण का कार्य प्रगति पर है इस कम्पोनेन्ट में भी निर्माण कार्य की प्रगति बहुत धीमी है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि शेष कार्यों पर मैनपावर और मशीनरी लगाते हुए स्वीकृत ड्राइंग एवं डिजाइन तथा गुणवत्ता व मानकों का पालन कराते हुए कार्य कराना सुनिश्चित करें।

**रॉ–वाटर राईजिंगमेन:**—रॉ–वाटर राईजिंग मेन के अन्तर्गत कुल 1.8 कि०मी० पाईप बिछाई जाने का लक्ष्य है जिसमें से कुल 1.573 कि०मी० की पाईप की सप्लाई प्राप्त की जा चुकी है एवं 1.345 कि०मी० पाईप बिछाई जाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि शेष राइजिंग में डीआई पाइप की आपूर्ति कर ली जाए तथा गैंग व मैनपावर की संख्या बढ़ाते हुए स्वीकृत ड्राइंग एवं डिजाइन तथा गुणवत्ता व मानकों का पालन कराते हुए कार्य कराना सुनिश्चित करें।

**क्लियर वाटर राईजिंगमेन:**—क्लियर वाटर राईजिंग मेन के अन्तर्गत कुल 216.7 कि०मी० पाईप बिछाई जाने का लक्ष्य है जिसमें से कुल 28.9245 कि०मी० की पाईप की सप्लाई प्राप्त की जा चुकी है एवं 15.586 कि०मी० पाईप बिछाई जाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष क्लियर वाटर राइजिंगमेन में डीआई पाइप की आपूर्ति कर ली जाए तथा गैंग व मैनपावर की संख्या बढ़ाते हुए स्वीकृत ड्राइंग एवं डिजाइन तथा गुणवत्ता व मानकों का पालन कराते हुए कार्य कराना सुनिश्चित करें।

**वितरण प्रणाली:**— वितरण प्रणालीके अन्तर्गत कुल 485.6 कि०मी० पाईप बिछाई जाने का लक्ष्य है जिसमें से कुल 316.992 कि०मी० की पाईप की सप्लाई प्राप्त की जा चुकी है एवं 138.384 कि०मी० पाईप बिछाई जाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष वितरण प्रणाली डिस्ट्रीब्यूशन में पाइप की आपूर्ति

कर ली जाए तथा गैंग व मैनपावर की संख्या बढ़ाते हुए स्वीकृत ड्राइंग एवं डिजाइन तथा गुणवत्ता व मानकों का पालन कराते हुए कार्य कराना सुनिश्चित करें।

## लहचुरा काशीपुरा ग्राम समूह पाईप पेयजल योजना

लहचुरा काशीपुरा ग्राम समूह पाईप पेयजल योजना के माध्यम से 54 ग्राम पंचायत के 91 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है। अधिशाषी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) महोबा द्वारा अवगत कराया गया कि योजना का विस्तृत प्राकलन एस०डब्ल्यू०एस०एम० लखनऊ स्तर पर आमंत्रित निविदा प्रक्रिया उपरान्त बीएलजी, जोधपुर के द्वारा स्तरीय सर्वेक्षण उपरान्त वर्ष 2020 में किया गया तथा निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त 01.07.2020 को अनुबन्ध गठन हुआ तथा परियोजना में प्रस्तावित विभिन्न निर्माण कार्यों की डिजाइन एवं ड्राईंग जेएमसी–जेडब्लआईएल–जेवी द्वारा अपनी डिजाइन टीम के माध्यम से कराया गया तथा समस्त ड्राइंग परीक्षण हेतु पीएमसी कार्यालय लखनऊ को प्रेषित किया गया पीएमसी कार्यालय लखनऊ की संस्तुति उपरांत सम्बन्धित डिजाइन एवं ड्राइंग का विस्तृत परीक्षण एनआईटी इलाहाबाद से कराने के उपरांत एसडब्लएसएम लखनऊ से अनुमोदन प्राप्त किया गया। लहचुरा काशीपुरा ग्राम समूह परियोजना के अन्तर्गत कुल 01 नग इन्टेकवेल, 01 नग डब्ल्यू०टी०पी०, 10 नग सी०डब्ल्यू०आर०, 32 नग ओ०एच०टी०, रॉ–वॉटर राईजिंग मेंन 3.5 कि०मी०, क्लियर वॉटर राईजिंग मेन 233.82 कि०मी० एवं वितरण प्रणाली (डिस्ट्रीब्यूशन मेन) 360.69 कि०मी० पाइप बिछाने का कार्य किया जाना है।

**उपरोक्त परियोजना की घटकवार प्रगति – पी०एम०सी० एवं टी०पी०आई० के प्रोजेक्ट मैनेजर के द्वारा परियोजना के घटकों की प्रगति निम्नलिखित रूप से बताया गया।**

**इन्टेकवेलः–** इस योजना के तहत लहचुरा डैम पर 24 एमएलडी इन्टेकवेल का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। अभी तककुल 25.5 मी० में से 18.25 मी० इण्टेकवेल की दीवार की कास्टिंग पूर्ण हो चुकी है। पियर–1, पियर–2 में 05 लिफ्ट कास्टिंग पूर्ण हो चुका है एवं पियर–3 का 03 लिफ्ट कास्टिंग पूर्ण हो चुका है पियर कैप लेवल तक निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया है कि शेष कार्य को जल्द जल्द से पूर्ण कर लिया जाये।

**डब्लू०टी०पी०:–**

1. कैशकेड ऐरिएटर के अन्तर्गत स्टेयरकेस निर्माण का कार्य पूर्ण किया जा चुका है।
2. फ्लैश मिक्चर के अन्तर्गत आर०सी०सी० के निर्माण का कार्य पूर्ण किया जा चुका है।
3. सी०एल०एफ०–अभी तक 7.85 मी० में से 7.85 मी० निर्माण का कार्य सम्पूर्ण हो चुका है एवं रींगबीम के निर्माण का कार्य प्रगति पर है।
4. फिल्टर हाउस के अन्तर्गत 5.05 मी० में से 5.05 मी० निर्माण का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। बाहरी लॉण्डर स्लैब के निर्माण का कार्य प्रगति पर है।
5. रॉ–वाटर चैनल के अन्तर्गत आर०सी०सी० के निर्माण का कार्य पूर्णकिया जा चुका है।
6. क्लोरीन बिल्डिंग के अन्तर्गत 7.85 मी० में से 7.85 मी० निर्माण का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। प्लॉस्टरिंग का कार्य भी पूर्ण किया जा चुका है।
7. एम०सी०डब्ल्यू०आर० के अन्तर्गत कुल 0.3/4.15 मी0 का कार्य पूर्ण किया जा चुका है राफ्ट का कार्य पूर्ण किय जा चुका है।
8. एडमिन बिल्डिंग के अन्तर्गत निर्माण का कार्य 10.6 मी० मे से 8.25 मी० ही कार्य पूर्ण हुआ है एवं चिनाई का कार्य प्रगति पर है।

9. रीसर्कुलेशन टैण्क का निर्माण कार्य 5.6 मी० में से 5.0 मी० कार्य पूर्ण किया जा चुका है।
10. मीटरिंग रूम के निर्माण का कार्य 5.1 मे से 5.1 मी० कार्य पूर्ण किया जा चुका है।
11. गार्ड रूम के अन्तर्गत स्लैब की कास्टिंग का कार्य पूर्ण किया जा चुका है।
प्रोजेक्ट मैनेजर को अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि डब्लूटीपी के समस्त अवयवो पर एक साथ कार्य कराना सुनिश्चित करें।

**सी०डब्लू०आर०:**–कुल 10 सी०डब्लू०आर० में से 10 सी०डब्लू०आर० में निर्माण का कार्य प्रगति पर है, एवं कुल 21 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। निर्माण कार्य प्रगति पर है। प्रोजेक्ट मैनेजर को अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी सीडब्लूआर पर एक साथ कार्य कराना सुनिश्चित करें।

**ओवर हैड टैण्क:**–कुल 32 ओ०एच०टी० में से 28 ओ०एच०टी० में निर्माण कार्य कराया जा रहा है, एवं कुल 43 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। निर्माण कार्य प्रगति पर है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि शेष कार्यों पर मैनपावर और मशीनरी लगाते हुए स्वीकृत ड्राइंग एवं डिजाइन तथा गुणवत्ता व मानकों का पालन कराते हुए कार्य कराना सुनिश्चित करें।

**रॉ–वाटर राईजिंगमेन:**–रॉ–वाटर राईजिंग मेन के अन्तर्गत कुल 3.5 कि०मी० पाईप बिछाई जाने का लक्ष्य है जिसमें से कुल 3.178 कि०मी० पाईप की सप्लाई प्राप्त की जा चुकी है एवं 3.09 कि०मी० पाईप बिछाई जाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि शेष राइजिंग में डीआई पाइप की आपूर्ति कर ली जाए तथा गैंग व मैनपावर की संख्या बढ़ाते हुए स्वीकृत ड्राइंग एवं डिजाइन तथा गुणवत्ता व मानकों का पालन कराते हुए कार्य कराना सुनिश्चित करें।

**क्लियर वाटर राईजिंगमेन:**–क्लियर वाटर राईजिंगमेन के अन्तर्गत कुल 233.82 कि०मी० पाईप बिछाई जाने का लक्ष्य है जिसमें से कुल 140.2395 कि०मी० पाईप की सप्लाई प्राप्त की जा चुकी है एवं 118. 4365 कि०मी० पाईप बिछाई जाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष क्लियर वाटर राइजिंगमेन में डीआई पाइप की आपूर्ति कर ली जाए तथा गैंग व मैनपावर की संख्या बढ़ाते हुए स्वीकृत ड्राइंग एवं डिजाइन तथा गुणवत्ता व मानकों का पालन कराते हुए कार्य कराना सुनिश्चित करें।

**वितरण प्रणाली:**– वितरण प्रणाली के अन्तर्गत कुल 360.69 कि०मी० पाईप बिछाई जाने का लक्ष्य है जिसमें से कुल 161.6085 कि०मी० पाईप की सप्लाई प्राप्त की जा चुकी है एवं 75.491 कि0मी0 पाईप बिछाई जाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष वितरण प्रणाली डिस्ट्रीब्यूशन में पाइप की आपूर्ति कर ली जाए तथा गैंग व मैनपावर की संख्या बढ़ाते हुए स्वीकृत ड्राइंग एवं डिजाइन तथा गुणवत्ता व मानकों का पालन कराते हुए कार्य कराना सुनिश्चित करें।

## सलईया खालसा नाथुपुरा ग्राम समूह पाईप पेयजल योजना

सलईया खालसा नाथुपुरा ग्राम समूह पाईप पेयजल योजना के माध्यम से 56 ग्राम पंचायत के 89 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है। अधिशाषी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) महोबा द्वारा अवगत कराया गया कि योजना का विस्तृत प्राकलन एस०डब्ल्यू०एस०एम० लखनऊ स्तर पर आमंत्रित निविदा प्रक्रिया उपरान्त बीएलजी, जोधपुर के द्वारा स्तरीय सर्वेक्षण उपरान्त वर्ष 2020 में किया गया तथा निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त 01.07.2020 को अनुबन्ध गठन हुआ तथा परियोजना में प्रस्तावित विभिन्न निर्माण कार्यों की डिजाइन एवं ड्राईंग जेएमसी–जेडब्लआईएल–जेवी द्वारा अपनी डिजाइन टीम के माध्यम से कराया गया तथा समस्त ड्राइंग परीक्षण हेतु पीएमसी कार्यालय लखनऊ को प्रेषित किया गया पीएमसी कार्यालय लखनऊ की संस्तुति उपरांत सम्बन्धित डिजाइन एवं ड्राइंग का विस्तृत परीक्षण एनआईटी इलाहाबाद से कराने के उपरांत एसडब्लएसएम लखनऊ से अनुमोदन प्राप्त

किया गया। अनुबन्ध के अनुसार [illegible] समूह परियोजना के अन्तर्गत कुल 01 इन्टेकवेल, 01 नग डब्लू०टी०पी०, 22 नग सी०डब्लू०आर०, 40 नग ओ०एच०टी० से क्लीन राईजिंग मेन 5.23 कि०मी०, फिडर मेन राईजिंग मेन 311.15 कि०मी० एवं वितरण प्रणाली डिस्ट्रीब्यूशन मेन 608.32 कि०मी० पाइप बिछाने का कार्य किया जाना है।

उपरोक्त परियोजना की घटकवार प्रगति – पी०एम०सी० एवं टी०पी०आई० के प्रोजेक्ट मैनेजर के द्वारा परियोजना के घटकों की प्रगति निम्नलिखित रूप से बताया गया।

**इन्टेकवेल**– इस योजना के तहत अर्जुन सागर डैम पर 25 एमएलडी इन्टेकवेल का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। अभी तककुल 21 मी० में से 12 मी० इन्टेकवेल की दीवार की कास्टिंग पूर्ण हो चुकी है। जिसकी निर्माण कार्य की प्रगति धीमी है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि इन्टेकवेल पर जनवरी के प्रथम सप्ताह में कार्य प्रारम्भ कर दिया जाए।

**डब्लू०टी०पी०**–

1. कैशकेड ऐरिएटर के अन्तर्गत कुल 5.15 मी० में से कुल 5.15 मी० निर्माण कार्य पूर्ण कराया जा चुका है।
2. फ्लैश मिक्सर के अन्तर्गतकुल 6.6 मी० में से कुल 6.6 मी० निर्माण का कार्य पूर्ण किया जा चुका है।
3. सी०एल०एफ०–कुल 4.5 मी० में से कुल 4.5 मी० निर्माण का कार्य पूर्ण किया जा चुका है।
4. फिल्टर हाउस के अन्तर्गत कुल 5.25 मी० में से कुल 5.25 मी० ही निर्माण का कार्य पूर्ण यिका जा चुका है। आर.सी.सी. का कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है।
5. कैमिकल हाउस के अन्तर्गत कुल 11.60 मी० में से कुल 11.60 मी० निर्माण का कार्य पूर्ण किया जा चुका है।
6. क्लोरीन बिल्डिंग के अन्तर्गत कुल 9.85 मी० में से कुल 9.85 मी० निर्माण का कार्य पूर्ण किया जा चुका है।
7. एम०सी०डब्लू०आर० के अन्तर्गत कुल 5/6.4 मी० कार्य पूर्ण किया गया है। (50 प्रतिशत में बीच में) 90 प्रतिशत राफ्ट की कास्टिंग का कार्य पूर्ण किया गया है।
8. पम्प हाउस का निर्माण कार्य अभी प्रारम्भ नहीं हुआ है।
9. मीटरिंग रूम के अन्तर्गत कुल 3.6 मी० में से कुल 3.6 मी० कार्य पूर्ण किया जा चुका है।
10. गार्ड रूम का कार्य पूर्ण हो चुका है एवं फिनिशिंग का कार्य प्रगति पर है।

    प्रोजेक्ट मैनेजर को अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि डब्लूटीपी के समस्त अवयवों पर एक साथ कार्य कराना सुनिश्चित करें।

**सी०डब्लू०आर०**–कुल 22 सी०डब्लू०आर० में से 16 सी०डब्लू०आर० में निर्माण कार्य प्रगति पर है एवं कुल 17 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है। निर्माण कार्य प्रगति पर है। प्रोजेक्ट मैनेजर को अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी सीडब्लूआर पर एक साथ कार्य कराना सुनिश्चित करें।

**ओवर हैड टैण्क**–कुल 40 ओ०एच०टी० में से 36 ओ०एच०टी० में निर्माण कार्य प्रगति पर है। कुल 18 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है। निर्माणकार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि सब कार्यों पर मैनपावर और मशीनरी लगाते हुए स्वीकृत ड्राइंग एवं डिजाइन तथा गुणवत्ता व मानकों का पालन करते हुए कार्य कराना सुनिश्चित करें।

रॉ-वाटर राईजिंगमेनः–रॉ–वाटर राईजिंगमेनके अन्तर्गत कुल 5.23 कि०मी० पाईप बिछाई जाने का लक्ष्य है जिसमें से कुल 4.083 कि०मी० की पाईप की सप्लाई प्राप्त की जा चुकी है एवं 2.34 कि०मी० पाईप बिछाई जा चुकी है।कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि शेष राइजिंग में डीआई पाइप की आपूर्ति कर ली जाए तथा गैंग व मैनपावर की संख्या बढ़ाते हुए स्वीकृत ड्राइंग एवं डिजाइन तथा गुणवत्ता व मानकों का पालन कराते हुए कार्य कराना सुनिश्चित करें।

**क्लियर वाटर राईजिंगमेनः**–क्लियर वाटर राईजिंगमेन के अन्तर्गत कुल 311.35 कि०मी० पाईप बिछाई जाने का लक्ष्य है जिसमें से कुल 233.12 कि०मी० की पाईप की सप्लाई की जा चुकी है एवं 135.858 कि०मी० पाईप बिछाई जाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। निर्माण कार्य प्रगति पर है। शेष क्लियर वाटर राइजिंगमेन में डीआई पाइप की आपूर्ति कर ली जाए तथा गैंग व मैनपावर की संख्या बढ़ाते हुए स्वीकृत ड्राइंग एवं डिजाइन तथा गुणवत्ता व मानकों का पालन कराते हुए कार्य कराना सुनिश्चित करें।

**वितरण प्रणालीः**– वितरण प्रणालीके अन्तर्गत कुल 508.32 कि०मी० पाईप बिछाई जाने का लक्ष्य है जिसमें से कुल 187.06 कि०मी० की पाईप की सप्लाई प्राप्त की जा चुकी है एवं 136.652 कि०मी० पाईप बिछाई जाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। निर्माण कार्य प्रगति पर है। शेष वितरण प्रणाली डिस्ट्रीब्यूशन में पाइप की आपूर्ति कर ली जाए तथा गैंग व मैनपावर की संख्या बढ़ाते हुए स्वीकृत ड्राइंग एवं डिजाइन तथा गुणवत्ता व मानकों का पालन कराते हुए कार्य कराना सुनिश्चित करें।

## कबरई ग्राम समूह पाईप पेयजल योजना

कबरईग्राम समूह पाईप पेयजल योजना के माध्यम से 33 ग्राम पंचायत के 44 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है। अधिशाषी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) महोबा द्वारा अवगत कराया गया कि योजना का विस्तृत प्राकलन एस०डब्ल्यू०एस०एम० लखनऊ स्तर पर आमंत्रित निविदा प्रकिया उपरान्त बीएलजी, जोधपुर के द्वारा स्तरीय सर्वेक्षण उपरान्त वर्ष 2020 में किया गया तथा निविदा प्रकिया पूर्ण होने के उपरान्त 29.12.2020 को अनुबन्ध गठन हुआ तथा परियोजना में प्रस्तावित विभिन्न निर्माण कार्यों की डिजाइन एवं ड्राईंग मे0 एन0के0 गुप्ता–मे0 के0बी0 गुप्ता, महोबा द्वारा अपनी डिजाइन टीम के माध्यम से कराया गया तथा समस्त ड्राइंग परीक्षण हेतु पीएमसी कार्यालय लखनऊ को प्रेषित किया गया पीएमसी कार्यालय लखनऊ की संस्तुति उपरांत सम्बन्धित डिजाइन एवं ड्राइंग का विस्तृत परीक्षण आईआईटी रूडकी एण्ड एनआईटी इन्दौर से कराने के उपरांत एसडब्लएसएम लखनऊ से अनुमोदन प्राप्त किया गया। कबरई ग्राम समूह परियोजना के अन्तर्गत कुल 01 नग इन्टेकवेल, 01 नग डब्ल्यू०टी०पी०, 9 नग सी०डब्ल्यू०आर०, 13 नग ओ०एच०टी०, रॉ–वॉटर राईजिंग मेंन 2.8 कि०मी०, क्लियर वॉटर राईजिंग मेन 103.864 कि०मी० एवं वितरण प्रणाली (डिस्ट्रीब्यूशन मेन) 243.15 कि०मी० पाइप बिछाने का कार्य किया जाना है।

**उपरोक्त परियोजना की घटकवार प्रगति – पी०एम०सी० एवं टी०पी०आई० के प्रोजेक्ट मैनेजर के द्वारा परियोजना के घटकों की प्रगति निम्नलिखित रूप से बताया गया।**

**इन्टेकवेलः**– इस योजना के तहत कबरई डैम पर 15 एमएलडी इन्टेकवेल का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। अभी तक कुल 30.35 मी० में से 24 मी० इण्टेकवेल की दीवार की कास्टिंग हो चुकी है। पम्प हाउस के निर्माण का कार्य प्रगति पर है अप्रोच ब्रिज का कार्य अभी तक प्रारम्भ नहीं किया गया है। निर्माण कार्य की प्रगति धीमी है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि पम्प हाउस का कार्य जल्द से जल्द प्रारम्भ किया जाए।

1. कैशकेड ऐरिएटर के अन्तर्गत कुल5.5 मी० में से 4.2 मी० लॉण्डर लेवल तक निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है।
2. फ्लैश मिक्चर के अन्तर्गत कुल 6.35 मी० में से 2.20 मी० रॉफ्ट का कार्य पूर्ण किया जा चुका है।
3. सी०एल०एफ०– अभी तक कुल 7.15 मी० में से 5.55 मी० निर्माण का कार्य पूर्ण किया जा चुका है एवं तीसरी लिफ्ट के निर्माण का कार्य प्रगति पर है, सेन्ट्रल शिफ्ट की चौथी लिफ्ट के रीनफौर्समेण्ट एवं सटरिंग का निर्माण कार्य प्रगति पर है।
4. फिल्टर हाउस के अन्तर्गत तृतीय लिफ्ट की दीवार के शटरिंग एवं सरिया बांधने और पाइप गैलरी की दीवाल के सरिया बांधने का कार्य प्रगति पर है।
5. रॉ–वाटर चैनल का कार्य अभी कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है।
6. क्लोरीन बिल्डिंग के अन्तर्गत न्यूट्रीलाईजेशन टैण्क की सरिया बांधने का कार्य पूर्ण हो गया है।
7. एम०सी०डब्ल्यू०आर० के अन्तर्गत 5/5.25 मी कार्य पूर्ण हो चुका है। अन्दर के कॉलम के कास्टिंग का कार्य प्रगति पर है।
8. एडमिन बिल्डिंग के राफ्ट फाउण्डेशन का काय कार्य प्रगति पर है।
9. मीटरिंग रूम के निर्माण का कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है।
10. गार्ड रूम के निर्माण का कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है।

प्रोजेक्ट मैनेजर को जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि लेबर की संख्या बढ़ायें एवं डब्लूटीपी के समस्त अवयवों पर एक साथ कार्य कराना सुनिश्चित करें।

**सी०डब्लू०आर०:**–कुल 09 सी०डब्लू०आर० में से 07 सी०डब्लू०आर० में निर्माण कार्य प्रगति पर है एवं कुल 40 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। निर्माण कार्य प्रगति पर है। प्रोजेक्ट मैनेजर को जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी सीडब्लूआर पर एक साथ कार्य कराना सुनिश्चित करें।

**ओवर हैड टैण्क:**–कुल 13 ओ०एच०टी० में से 12 ओ०एच०टी० में निर्माण कार्य कराया जा रहा है, कुल 55 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। निर्माण कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि शेष कार्यों पर मैनपावर और मशीनरी लगाते हुए स्वीकृत ड्राइंग एवं डिजाइन तथा गुणवत्ता व मानकों का पालन कराते हुए कार्य कराना सुनिश्चित करें।

**रॉ–वाटर राईजिंगमेन:**–रॉ–वाटर राईजिंग मेन के अन्तर्गत कुल 2.8 कि०मी० पाईप बिछाई जाने का लक्ष्य है अभी पाईप बिछाने का कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि राइजिंग में डीआई पाइप की आपूर्ति कर ली जाए तथा गैंग व मैनपावर की संख्या बढ़ाते हुए स्वीकृत ड्राइंग एवं डिजाइन तथा गुणवत्ता व मानकों का पालन कराते हुए कार्य कराना सुनिश्चित करें।

**क्लियर वाटर राईजिंगमेन:**–क्लियर वाटर राईजिंगमेनके अन्तर्गत कुल 103.864 कि०मी० पाईप बिछाई जाने का लक्ष्य है जिसमें से कुल 13 कि०मी० की पाईप की सप्लाई प्राप्त की जा चुकी है। अभी पाईप बिछाने का कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है। शेष क्लियर वाटर राइजिंगमेन में डीआई पाइप की आपूर्ति कर ली जाए तथा गैंग व मैनपावर की संख्या बढ़ाते हुए स्वीकृत ड्राइंग एवं डिजाइन तथा गुणवत्ता व मानकों का पालन कराते हुए कार्य कराना सुनिश्चित करें।

**वितरण प्रणाली:**– वितरण प्रणालीके अन्तर्गत कुल 243.15 कि०मी० पाईप बिछाई जाने का लक्ष्य है जिसमें से कुल 105 कि०मी० पाईप की सप्लाई प्राप्त की जा चुकी है एवं 71.035 कि0मी0 पाईप बिछाई जाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। निर्माण कार्य प्रगति पर है। शेष वितरण प्रणाली डिस्ट्रीब्यूशन मे पाइप की आपूर्ति कर ली जाए तथा गैंग व मैनपावर की संख्या बढ़ाते हुए स्वीकृत ड्राइंग एवं डिजाइन तथा गुणवत्ता व मानकों का पालन कराते हुए कार्य कराना सुनिश्चित करे।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया कि जल्द से जल्द से परियोजना से सम्बन्धित विभागों यथा रेलवे, पी०डब्लू०डी०, एन०एच०ए०आई०, वन, सिचाई एवं कैनाल क्रासिंग आदि से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन करना सुनिश्चित करें।

अधिशाषी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि एसडब्लूएसएम लखनऊ द्वारा माह दिसम्बर, 2021 तक जनपद महोबा में जल जीवन मिशन अन्तर्गत निर्माणाधीन सतही जल आधारित परियोजना में 44 ग्रामों में क्रियाशील गृह जल संयोजन (एफएचटीसी) का कार्य पूर्ण करते हुए पेयजल उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये हैं घरों में पानी की आपूर्ति के लिए संयोजन के लिए एफएचटीसी मटैरियल की शत प्रतिशत आपूर्ति किया जाना आवश्यक है।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा सभी प्राजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया कि एफएचटीसी के लिए आवश्यक मटैरियल की शत–प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए एवं गैंग व मानव श्रम बढ़ाकर निर्धारित ड्राइंग डिजाइन एवं गुणवत्ता मानकों के अनुरूप समयान्तर्गत एफएचटीसी पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखा जाए। कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि परियोजना की प्रगति धीमी है अतः मानव श्रम एवं आवश्यक मशीनरी बढ़ाकर समय से प्रस्तावित कार्य गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करायें। अधिशाषी अभियंता जल निगम (ग्रामीण), टीपीआई एवं पीएमसी को निर्देशित किया गया कि कार्यस्थलों के निरीक्षण नियमितरूप से करते हुये निरीक्षण आख्या कार्यालय अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति) में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

अपर जिलाधिकारी
नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति
महोबा।

पत्रांक–127/एस०टी०–जे०जे०एम०/2021
दिनांकः 22 दिसम्बर, 2021

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधिशाषी निदेशक महोदय, एस०डब्लू०एस०एम०, लखनऊ को सादर अवलोकनार्थ। (ई–मेल)
2. जिलाधिकारी महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
3. अधिशाषी अभियंता, निर्माण खण्ड उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण) महोबा को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि सतत पर्यवेक्षण करते हुए गुणवत्ता एवं मानकों को लागू कराते हुए अनुपालन कराना सुनिश्चित करें।
4. प्रोजेक्ट मैनेजर, पी०एम०सी० (एस०एम०ई०सी०), महोबा को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि सतत पर्यवेक्षण करते हुए गुणवत्ता एवं मानकों को लागू कराते हुए अनुपालन कराना सुनिश्चित करें।
5. डी०टी०एल०, टी०पी०आई० को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि सतत पर्यवेक्षण करते हुए गुणवत्ता एवं मानकों को लागू कराते हुए अनुपालन कराना सुनिश्चित करें।
6. प्रोजेक्ट मैनेजर (एल० एण्ड टी०), महोबा को अनुपालनार्थ।
7. प्रोजेक्ट मैनेजर (एस०सी०एल०–एस०एम०सी०, जे०वी०), महोबा को अनुपालनार्थ।
8. डिप्टी जनरल मैनेजर(जे०एम०सी०–जे०डब्ल्यू०आई०एल०,जे०वी०), महोबा को अनुपालनार्थ।
9. प्रोजेक्ट मैनेजर (मे० एन०के० गुप्ता– के०बी० गुप्ता, जे०वी०), महोबा को अनुपालनार्थ।

22/12/21

अपर जिलाधिकारी
नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति
महोबा।